श्री उपाध्यक्ष: श्री मंत्री, कृपया।

विदेश मंत्री (श्री एस. जयशंकर): आपका धन्यवाद, सर। आपके माध्यम से, सबसे पहले, मैं सभी माननीय सदस्यों के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर, और वास्तव में, अंतर्राष्ट्रीय चुनौती पर उनके समर्थन के लिए सराहना व्यक्त करता हूं।

महोदय, श्री गुलाम नबी आजाद द्वारा उठाए गए मुद्दे से शुरू करते हुए, मैं विभिन्न सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दूंगा। फिलहाल, 58 लोग ईरान से वापस आ चुके हैं और चूंकि हमारे पास लगभग 535 नमूने हैं जो उनके साथ ही लाए गए थे, उनमें से जिनका भी टेस्ट निगेटिव आयेगा उन्हें उड़ानों के अगले स्लॉट में जगह दी जाएगी। हमने लोगों का तेजी से परीक्षण करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या बढ़ाकर प्रयास किए हैं। यात्रियों को लाते समय हम छात्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे क्योंकि वे वास्तव में बहुत कठिन स्थिति में हैं। कई सदस्यों ने मछुआरों को लेकर चिंता जताई है। मछुआरे दक्षिणी ईरान में रहते हैं और कोरोनवायरस की घटना दक्षिणी ईरान में उतनी अधिक नहीं है जितनी कि क़ोम और तेहरान जैसे शहरों में है। लेकिन हम मछुआरों पर भी ध्यान दे रहे हैं। बांदर अब्बास में हमारा वाणिज्य दूतावास उनके संपर्क में है। मैं खुद भी उनके साथ सीधे संपर्क में हूं। उनसे फोन के माध्यम से बात होती है और मैं जान जाता हूं कि वे क्या कर रहे हैं। मैं सभी माननीय सदस्यों को आश्वस्त करता हूं कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें इस समय भोजन, पेय या किसी अन्य सामग्री से कोई समस्या न हो। लेकिन लोगों को यह भी समझना चाहिए कि ईरान में यह बहुत कठिन समय है। ईरानी व्यवस्था खुद संघर्ष कर रही है। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं श्री डेरेक ओ ब्रायन के संदेश को दोहराऊं, जिसमें उन्होंने कहा है कि, कृपया घबराएं नहीं। आज, हमारी रणनीति यही है। लगभग 90 देश ऐसे हैं जहां कोरोनावायरस के मामले हैं। हमें ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें प्राथमिकता देनी होगी। हमें बहुत ही विषम परिस्थितियों पर विशेष ध्यान देना होगा। फिलहाल, चीन और डायमंड प्रिंसेस के बाद, ईरान और इटली में एक चरम स्थिति है।

जर्मनी, फ्रांस और स्पेन जैसे अन्य हैं जहां मामले अचानक बढ़ गए हैं। कल तक, हमने इन देशों के लिए ई-वीजा को निलंबित कर दिया है। इसलिए, हमारा विचार यात्रा को सीमित करना है, लेकिन उन देशों पर ध्यान केंद्रित करना है जहां कोरोनावायरस के मामले बहुत अधिक है। श्री वाइको ने मछुआरों का मुद्दा उठाया है। मैं उसे आश्वस्त करना चाहूंगा कि मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें भोजन और पानी की समस्या न हो। श्री एंटनी ने इटली में फंसे लोगों के मुद्दे को उठाया और मुझे लगता है कि कई अन्य संसद सदस्यों ने भी इस मुद्दे को उठाया। मैं सभी माननीय सदस्यों को आश्वस्त करना चाहूंगा कि हम इस समस्या के प्रति बहुत ही सजग हैं। यह मुद्दा इसलिए उठा क्योंकि इटली में कोरोनावायरस के मामले बहुत अधिक हैं, हम चाहते थे कि लोग कोविड-मुक्त प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद ही फ्लाइट में सवार हों। अब, लोगों के लिए इतालवी प्रणाली में इसे प्राप्त करना मुश्किल हो गया है क्योंकि इतालवी प्रणाली इटली में रोगियों के इलाज में व्यस्त है।

(HK/1J जारी)

HK/PSV/1J/2.30-

श्री एस. जयशंकर (जारी): इसलिए, हम उम्मीद कर रहे हैं, कल तक, एक मेडिकल टीम इटली भेजी जाएगी, जैसा की हमने ईरान में भेजा है। हम उन लोगों का टेस्ट करेंगे और उसके बाद उन्हें बहुत शुरुआती फ्लाइट में लाने का प्रयास करेंगे।

मैं उस सुझाव का स्वागत करता हूं जो श्री डेरेक ओ ब्रायन ने दिया था। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब मैं सदन को देखता हूं, तो हर कोई मुझे मेरा मित्र दिखाई देता है। लेकिन आइसोलेशन वार्डों के संबंध में, सहकारी प्रयास पहले से ही चल रहे हैं और कैबिनेट सचिव सभी राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर राज्य सरकार के अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड हो, जहाँ भी संभव हो।

श्री करीम ने केरल के छात्रों का मुद्दा उठाया जो इटली में फंसे हुए हैं। मैं आपको फिर से आश्वस्त करना चाहूंगा कि ईरान और इटली हमारी गतिविधियों के दो केंद्र बिंदु हैं।

असंशोधित / प्रकाशन के लिए नहीं - 11.03.2020

मैं डॉ. बंदा प्रकाश को यह भी बताना चाहता हूं कि तेलंगाना के छात्रों पर हम अधिक ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हम आम तौर पर छात्रों को विशेष प्रकार से प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि उनमें से कई ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं जहां शयनगृह बंद कर दिए गए हैं। इसलिए, वे अन्य लोगों की तुलना में अधिक कठिन समय दौर से गुजर रहे हैं। हम उनके प्रति बहुत संवेदनशील हैं।

श्री तिरुचि शिव ने ईरान के मछुआरों के मुद्दे को फिर से उठाया। कृपया वो आश्वस्त रहें, की हम उनपर ध्यान दे रहे हैं।

श्री रवि प्रकाश वर्मा ने जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बारे में मैं विस्तार से जानकारी लूंगा। मुझे इस बात पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि हम अपनी भू-सीमाओं पर, चेक मूवमेंट के माध्यम से सभी गतिविधियों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जहां थर्मल स्क्रीनिंग है क्योंकि यही इस वक्त यह सबसे अच्छा प्रयास है। लेकिन, इस विशेष मामले में, मैं आपसे विवरण लूंगा।

श्री जोस मणि ने भी इटली का मुद्दा उठाया। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि वास्तव में इस सलाह पर कि इटली से हर किसी को कोविड मुक्त प्रमाण पत्र लेने के बाद भी फ्लाइट में बैठने की इजाजत देनी चाहिए, लगभग एक सप्ताह पहले ही जारी किया जा चुका है। अभी, यह संभव है कि कई छात्रों और युवाओं को ऐसी सलाहकार की जानकारी नहीं है। मैं समस्या को समझता हूं। हम समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह हमारे द्वारा किया गया अंतिम समय में नहीं किया गया है; पहले ही कई नोटिस दिए गए हैं।

श्री सुशील कुमार गुप्ता द्वारा एयरपोर्ट प्रबंधन के बारे में उठाए गए मुद्दे के संबंध में मुझे लगता है कि मंत्रियों का समूह विभिन्न प्रकार के उपायों को देख रहा है। सिविल एविएशन से मेरा सहकर्मी मेरे साथ उस समूह में है और हमने आज उस पर चर्चा की।

असंशोधित / प्रकाशन के लिए नहीं - 11.03.2020

इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि जब आपके पास इतने सारे देश और इतनी सारी समस्याएं हैं, तो आप इन्हें कैसे चुनेंगे और हर किसी की जांच करेंगे, जिसे डॉ. अमर पटनायक ने उठाया था। इसका उत्तर यह है कि हमारा उद्देश्य यह नहीं है; यदि हमारे पास विश्वव्यापी गतिविधि है, तो हम केवल भगदड़ मचाएं। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम बहुत विशिष्ट बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें। चीन में भी, हमने मूल रूप से वुहान में ही किया; हमने ऐसा चीन के अन्य स्थानों पर नहीं किया; उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं थी। इसी तरह, इटली में, हम एक या दो स्थानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ईरान में भी, यह मुख्य रूप से क़ोम और तेहरान में अधिक है। तो, यह एक बहुत ही केंद्रित हस्तक्षेप है; यह एक सामान्य हस्तक्षेप नहीं है।

मैंने उस बिंदु पर भी ध्यान दिया है जो श्री बिनॉय विसम ने खाड़ी में लोगों के बारे में बताया था। हम उनका समर्थन करेंगे; हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी दूतावासों को निर्देश दिया जाए कि जब ये लोग वापस जाएं, तो उन्हें नौकरी में कठिनाई न हो।

मॉस्क के मुद्दे पर, मैं श्री हरदीप सिंह पुरी के समक्ष उस मुद्दे को रखूंगा, जो फ्री मॉस्क के मुद्दे से निपट रहे हैं, और बाकी मैं डॉ. हर्षवर्धन को भेजूंगा।

श्रीमति विप्लव ठाकुर ने क्वारंटाइन को बढ़ाने का मुद्दा उठाया था, फिर से मैं इस मुद्दे को मंत्रियों के समूह के पास भेजूंगा। मछुआरों के बारे में श्री गोहेल ने जो बात उठाई है, उसके बारे में मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि अभी खाने की कोई समस्या नहीं है। लेकिन, फिर से, मैं लगातार उस पर नजर रखूंगा।

अंत में, मैं श्रीमती विजिला को बताना चाहता हूं कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके राज्य के मछुआरे भी, जो वहां हैं, उनके कल्याण की निगरानी हमारे द्वारा की जाएगी। कृपया आश्स्वस्त रहे।